प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 13 अप्रैल, 2018***

विषय:- जिला कारागार, फैजाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सत्यनारायण मिश्र पुत्र श्री देवीप्रसाद मिश्र, निवासी जनपद-अम्बेडकर नगर की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-41368/प्रोबे0-5-दयायाचिका/720 दिनांक 16.11.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, फैजाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सत्यनारायण मिश्र पुत्र श्री देवीप्रसाद मिश्र, जो ग्राम-आसोपुर, थाना-को0 टाण्डा, जनपद-अम्बेडकर नगर का रहने वाला है। बन्दी द्वारा रूपये न देने की रंजिश को लेकर दिनांक 05-05-2009 को 03 सहअभियुक्त के साथ मिलकर कट्टे से गोली मारकर 01 व्यक्ति की हत्या कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-123/2009 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 201/34 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश-कक्ष संख्या-4, अम्बेडकर नगर के आदेश दिनांक 29.07.2015 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 26.03.2016 तक 01 वर्ष 04 माह 24 दिन की अपरिहार सजा तथा 01 वर्ष 05 माह 15 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी के 02 अन्य सहअभियुक्त कारागार में सजा भुगत रहे है तथा 01 अन्य सहअभियुक्त की मृत्यु हो गयी है। जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति की गयी है लेकिन दयायाचिका समिति द्वारा कारित अपराध की प्रकृति, काटी गयी सजा के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अत: उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी सत्यनारायण मिश्र (बन्दी संख्या-7263/15) पुत्र श्री देवीप्रसाद मिश्र, निवासी जनपद-अम्बेडकरनगर की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दया याचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-307/2018/3009(1)/22-2-2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, अम्बेडकरनगर।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, फैजाबाद।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(कलाम मुहीउद्दीन)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in